कार्यालय उ०प्र० स्टेट मेडिकल कौंसिल, लखनऊ।

समस्त प्राचार्य/समस्त मेडिकल कौंसिल, विश्वविद्यालय
महत्वपूर्ण सूचना

कोरोना महामारी (कोविड–19) के कारण शासन द्वारा घोषित लॉक–डाऊन के कारण चिकित्सा छात्रों का अन्तिम वर्ष का परिणाम तथा छात्रों के अपने–अपने मेडिकल कॉलेजों में पहुँचने में दिक्कत होने से उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा परिणाम प्राप्त होते ही सम्बन्धित मेडिकल कॉलेज उक्त परिणाम को स्कैन करके तथा प्राचार्य द्वारा प्रमाणित कर कवरिंग पत्र के साथ ई–मेल के माध्यम से इस कार्यालय में उपलब्ध करा दें। इतनी सूचना प्राप्त होते ही छात्रों को इन्र्टनशिप प्रारम्भ करने की अनुमति प्राचार्य/मेडिकल कॉलेज को ई–मेल के द्वारा दे दी जायेगी।

प्रोविजनल (अस्थायी) पंजीकरण फीस, सत्यापित फार्म एवं प्रपत्र, वर्तमान स्थितियों के समान्य होने के पश्चात एक सप्ताह के अन्दर इस कार्यालय को प्रेषित करना होगा।

आज्ञा से

रजिस्ट्रार,
उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल